Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:42 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:59 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 70 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 1 सितम्बर 2025



शाहिद कपूर ने तृप्ति डिमरी के साथ...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### नानकमत्ता पहुंचे सीएम धामी, निर्देशित किया



**नानकमत्ता।** मानसून के दृष्टिगत नानकसागर बांध एवं आसपास के क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश,बाँध, जल निकासी की स्थिति पर लगातार कड़ी नजर रखी जाए नानकमत्ता। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज नानकमत्ता पहुँचे, जहाँ उन्होंने मानसून के दृष्टिगत नानकसागर बांध एवं आसपास के क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया।

### ढिकुली में पलटी यात्रियों से भरी बस, हादसा टला



**रामनगर।** ग्राम ढिकुली क्षेत्र में एक बड़ा सड़क हादसा होते होते बच गया। बताया जा रहा है कि रामनगर से यात्रियों को लेकर चोखुटिया की ओर जा रही बस तरंगी रिसॉर्ट के पास अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के समय बस में 12 यात्री सवार थे जिन्हें हल्की फुल्की चोटें आई हैं। गनीमत रही कि कोई गंभीर जनहानि नहीं हुई ।नायब तहसीलदार के अनुसार बस चालक प्रताप सिंह टेंपो को बचाने के प्रयास में गाड़ी पर नियंत्रण खो बैठा और यह दुर्घटना हो गई। खास बात यह है कि बीते दिनों धनगढ़ी क्षेत्र में हुए हादसे के समय भी प्रताप सिंह ही बस चला रहा था। लगातार दूसरी बार उसकी लापरवाही से यात्रियों की जान जोखिम में पड़ना चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते बस की रफ्तार और चालक की लापरवाही पर रोक नहीं लगाई गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



**आस्था पहाड़ों में**

नंदा देवी महोत्सव के दौरान जगमगाता नैना देवी मंदिर छाया अफजल हुसैन फौजी

अहम बैठक में पुतिन से बोले पीएम मोदी

# यूक्रेन में शांति का रास्ता खोजना मानवता की पुकार

नई दिल्ली/तियानजिन
एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के तियानजिन में एससीओ सम्मेलन के इतर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में शांति पूरी मानवता की पुकार है। उन्होंने संघर्ष को जल्द खत्म करने और स्थायी शांति स्थापित करने की जरूरत पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक के इतर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यूक्रेन में शांति का रास्ता खोजना पूरी मानवता की पुकार है। उन्होंने आगे कहा, हम यूक्रेन में जारी संघर्ष पर लगातार चर्चा करते रहे हैं। हम शांति के लिए हाल के सभी प्रयासों का स्वागत करते हैं। हमें उम्मीद है कि सभी पक्ष सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ेंगे। संघर्ष को जल्द से जल्द खत्म करने और स्थायी शांति स्थापित करने का रास्ता खोजा जाना चाहिए। पीएम मोदी ने आगे कहा, आपसे मिलना एक यादगार अनुभव होता है, ऐसा मैं हमेशा



महसूस करता हूं। हमें कई विषयों पर जानकारी साझा करने का मौका मिलता है। हम लगातार संपर्क में रहते हैं। दोनों पक्षों के बीच नियमित रूप से कई उच्च स्तरीय बैठकें होती रहती हैं। 140 करोड़ भारतीय आपके लिए इस साल दिसंबर में होने वाले हमारे 23वें शिखर सम्मेलन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह हमारे विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त साझेदारी की गहराई और व्यापकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, भारत और रूस हमेशा सबसे कठिन परिस्थितियों में एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हैं। हमारा घनिष्ठ सहयोग केवल दोनों देशों के लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए भी महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी ने आगे कहा, आपसे मिलना एक यादगार अनुभव होता है, ऐसा मैं हमेशा महसूस करता हूं। हमें कई विषयों पर जानकारी साझा करने का मौका मिलता है। हम लगातार संपर्क में रहते हैं। दोनों पक्षों के बीच नियमित रूप से कई उच्च स्तरीय बैठकें होती रहती हैं। 140 करोड़ भारतीय आपके लिए इस साल दिसंबर में होने वाले हमारे 23वें शिखर सम्मेलन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह हमारे विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त साझेदारी की गहराई और व्यापकता को दर्शाता है।

# देवखड़ी, कलसिया और रकसिया नाला उफान पर

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

भारी वर्षा के चलते देवखड़ी हाइडिल, कलसिया गौला बैराज, रकसिया नाला एवं दमुवाढूंगा क्षेत्र में पानी का बहाव काफी तेज हो गया है। सीओ नितिन लोहनी द्वारा लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर पुलिस कर्मियों को अलर्ट मोड में रहने हेतु निर्देशित किया जा रहा है।

आसपास के लोगों को पुलिस द्वारा लगातार अनाउंसमेंट कर सतर्क रहने व सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील की जा रही है। नाले-खाल उफान पर आने की स्थिति में जनता को खतरे की संभावना देखते हुए *समय रहते सुरक्षित स्थानों पर जाने हेतु जागरूक किया जा रहा है। पुलिस कर्मियों को बैरियर लगाने एवं संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। जिला पुलिस लगातार निगरानी व भ्रमण पर है। आमजन से अपील है कि अफवाहों पर ध्यान न दें एवं सुरक्षा हेतु पुलिस की सलाह का पालन करें।

### चोरगलिया-हल्द्वानी मार्ग पूर्ण रूप से बंद किया

**हल्द्वानी।** ज़िले में लगातार बारिश के चलते चोरगलिया-हल्द्वानी मार्ग पूर्ण रूप से बंद कर दिया है क्यों कि कोई बड़ा हादसा न हो जाए बता दें कि चोरगलिया स्थित शेर नाला में सोमवार को तेज बारिश के चलते जलस्तर अचानक बढ़ गया। पानी की तेज़ बहाव सड़क पर आने से यातायात प्रभावित हो गया और प्रशासन ने एहतियातन मोटर मार्ग को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। ताकि कोई वहां पानी के तेज बहाव में बह न जाये स्थानीय प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे स्थिति सामान्य होने तक इस मार्ग से आवागमन न करें। साथ ही लोगों को सुरक्षित यात्रा के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी गई है।



शेर नाला

# देर रात से लगातार भारी बारिश जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

मौसम विभाग द्वारा जिले के लिए जारी रेड अलर्ट के बाद देर रात से लगातार भारी बारिश का दौर जारी है। भारी बारिश ने हल्द्वानी और उसके आसपास के क्षेत्रों में जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है।

शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है, वहीं नदी-नाले भी उफान पर हैं।हीरानगर क्षेत्र में भारी जलभराव से दोपहिया और चारपहिया वाहन बेहद मुश्किल से गुजर पा रहे हैं। जलस्तर बढ़ने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी



का सामना करना पड़ रहा है।मौसम विभाग ने अगले तीन दिन तक बरसात को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रखा है और नगर निगम की टीमें जल निकासी कार्य में जुटी हुई हैं।

# रूहेलखण्ड विवि की रिटायर कुलपति से 1.47 करोड रूपये की धोखाधडी का अभियक्त गिरफ्तार

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

साईबर क्राइम पुलिस स्टेशन कुमाऊं की पुलिस ने रुहेलखंड विश्वविद्यालय की सेवानिवृत्ति कुलपति को डिजिटल अरेस्ट कर डेढ़ करोड़ से अधिक की धनराशि धोखाधड़ी का आरोपी को हिमाचल प्रदेश के सोनल से गिरफ्तार किया है। उसके पास से चेक बुक, मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद किया। एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि एक प्रकरण जनपद नैनीताल निवासी पीड़ित द्वारा माह अगस्त 2025 में दर्ज कराया। जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि अगस्त 2025 में अज्ञात व्यक्तियों ने स्वयं को महाराष्ट्र साईबर क्राईम विभाग से बताते हुए पीडित के नाम पर खुले बैंक खाते में मनी लांड्रिंग के तहत 60 करोड रूपये के लेनदेन होने की बात कही गयी थी । जिसके लिये पीडित के खातों का वैरिफिकेशन कराये जाने हेतु व्हाटसप कॉल पर ही पीडित को डिजिटली अरेस्ट करते हुए 12 दिनों में विभिन्न खातों में कुल 1.47 करोड की धनराशि धोखाधडीपूर्वक जमा करायी गयी थी। उन्होंने बताया कि प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुये प्रवेक्षण एएसपी स्वप्न किशोर, सीओ अंकुश मिश्रा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक / विवेचक अरूण कुमार, साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन, कुमाऊँ परिक्षेत्र, रूद्रपुर* के सुपुर्द कर अभियोग के शीघ्र अनावरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । साईबर क्राईम पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बैंक खातों,रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बरों, व्हाट्सअप की जानकारी हेतु सम्बन्धित बैंकों, सर्विस प्रदाता कम्पनियों, मेटा कम्पनी से पत्राचाकर कर डेटा प्राप्त किया।

# जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल व उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट को दिलाई शपथ

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल व उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट को अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने शपथ दिलाई जबकि सदस्यों को जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल ने शपथ दिलाई।

जिला पंचायत के निर्वाचित सदस्यों में ककोड़ से डीकर सिंह मेवाड़ी, बड़ौन से मीना देवी, ओखलकाण्डा मल्ला से प्रमोद सिंह, ढोलीगांव से बहादुर सिंह नगदली,दीनीतल्ली से पूनम बिष्ट, सरना से रेखा देवी, गहना से ज्योति आर्या, दाड़िमा से निधि जोशी, सूपी से पुष्पा नेगी, चापड़ से तरूण कुमार शर्मा, चौखुटा से दीप सिंह बिष्ट, सिमलखॉ से संजय बोहरा, सावल्दे. पश्चिम से दीप चन्द्र, मालधनचौड (चन्द्रनगर) से अनीता आर्य, गैबुआ से अरनव कम्बोज, तलिया से हेम चन्द्र नैनवाल, चिल्किया से सीता देवी,



गुलजारपुरबंकी से अनिता आर्य, चोरगलिया आमखेड़ा, लीला देवी देवलचौड़ बन्दोबस्ती से दीपा देवी दर्मवाल,रामसिंह आनड़ी से छवि काण्डपाल, जग्गीबंगर से दीपा चन्दोला, जंगलियागॉव से विपिन सिंह जंतवाल, मेहरांगांव से जिशान्त कुमार, ज्योलीकोट से देवकी बिष्ट, अमृतपुर से हेमा भट्ट, भवाली गांव से यशपाल आर्य शामिल हैं। आज जिन सदस्यों ने शपथ नहीं ली उनमें कांग्रेस की पुष्पा नेगी मुख्य हैं । इसके अलावा बड़ौन से मीना देवी व निधि जोशी दाड़ीमा आज शपथ नहीं ले सकी ।

जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव के दिन कथित रूप से अपहृत व बाद में अपनी मर्जी से वोट न डालने व घूमने जाने का वीडियो भेजने वाले सदस्यों में डिकर मेवाड़ी,प्रमोद कोटलिया, तरुण शर्मा,दीप सिंह बिष्ट,विपिन जंतवाल थे । इन सभी ने भी शपथ ले ली है । जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी महेश कुमार विश्नोई ने जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों का बुके देकर स्वागत किया । इस मौके पर नव निर्वाचित अध्यक्ष दीपा दर्मवाल व उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि वे पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ काम करेंगी ।

शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश महामंत्री भाजपा राजेन्द्र बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, विधायक सरिता आर्य,रामसिंह कैड़ा, डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, दायित्वधारी,हेमंत द्विवेदी, शांति मेहरा,सुरेश भट्ट,दिनेश आर्य,शंकर कोरंगा,दीपक मेहरा, राज्य आंदोलनकारी मोर्चा के अध्यक्ष गणेश बिष्ट, डॉ.सुरेश डालाकोटी, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनन्द दरमवाल, सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत, जिला पंचायत के लेखाधिकारी गोविन्द भौर्याल, जिला अभियंता दलीप सिंह नेगी, जी एस नयाल,सुभाष चन्द्र आर्य,दीपक उपाध्याय,चंद्रपाल सिंह बिष्ट,दीपा मटियाली, श्रीमती नयाल,मयंक कफलटिया मौजूद थे ।

# गणेश महोत्सव के समापन पर भव्य शोभायात्रा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नैनीताल व समीपवर्ती ज्योलीकोट में रविवार को गणेश महोत्सव के समापन के मौके पर भव्य शोभायात्रा निकाली गयी।

श्री राम सेवा दल युवा वाहिनी की ओर से आयोजित गणेश महोत्सव में रविवार को सुबह पूजन के बाद हवन यज्ञ हुआ जिसके बाद बप्पा की आरती की गई। उसके बाद मूर्ति का नगर भ्रमण हुआ जो कि मल्लीताल बाजार से माल रोड और फिर तल्लीताल डाट होते हुए बाजे गाजे के साथ फ ांसी गधेरा पहुंचा और वहां पर मूर्ति विसर्जन किया गया जिसमें कई श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया।

इस दौरान मनोज कुमार, विनोद कुमार,कुंदन सिंह तिलारा, तरुण लूथरा, राजकुमार, विजय सिंह, आकाश, आदित्य, संदेश पाल, सोनू, कुनाल वेदी, राहुल, करण, वंश, रौनक, जतिन, प्रिंस, प्रदीप कुमार, गुन्नू, अंकित, कुलदीप देवल व कार्तिक आदि भकतजन मौजूद रहे।

दूसरी ओर ज्योलीकोट में रामलीला मैदान में आयोजित पांच दिवसीय गणेश महोत्सव का शोभा यात्रा के बाद चित्रशिला घाट में विसर्जन के साथ संपन्न हो गया। प्रातः धार्मिक अनुष्ठानों के बाद शोभा यात्रा निकाली गई गणपति के जयकारों के बीच बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी की। समिति ने सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पुष्कर जोशी, दीपक चौहान, मनीष, राकेश वर्मा, सुरेन्द्र कोटलिया, दीपू नेगी, गौरांग रघु, ललित पांडे, सूरज, देवेन्द्र बिष्ट, विवेक, वरुण, गिरीश, सुधांशु, गोपाल, अंशु पंत, नवल,ग्राम प्रधान हरगोविंद सिंह रावत, नवल कुमार और दीपू नेगी, विक्रम, सुमित, प्रदीप, जीवन, प्रेम साह, उत्तम रावत सहित दर्जनों युवाओं ने महोत्सव को सफ ल बनाने में भागीदारी निभाई।



# मौसम: बीते दिवस दोपहर बाद जमकर बरसे बदरा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में शनिवार को दोपहर बाद बदरा बरसे। इससे पूर्व मौसम सुहावना बना हुआ था। धूप छांव का खेल चल रहा था। लोगों ने मौसम का भरपूर लुत्फ उठाया। दोपहर बाद हल्की बारिश शुरू हो गई। इधर वीकेंड के चलते नगर में सैलानियों की आमद होने से नगर में रंगत बनी रही।

सैलानियों ने नगर के आंतरिक पर्यटन स्थलों का आनंद उठाया। अब नंदा देवी महोत्सव शुरू हो चुका है तो सैलानियों की आमद अगले कुछ दिन जारी रहेगी। इधर मौसम विभाग ने अगले कुछ दिन मौसम खराब रहने का पूर्वानुमान जताया है। तीन सितंबर तक कुछ स्थानों में भारी वर्षा होगीए, जबकि अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहेगा। पर्वतीय क्षेत्रों में भ्रमण पर आने सैलानियों से मौसम का पूर्वानुमान के साथ यात्रा करने का संदेश दिया है। इधर जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 26 न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आद्रता अधिकतम अधिकतम 900 व न्यूनतम 60 प्रतिशत रही। वर्षा दो मिमी रिकार्ड की गई।

# अमित मौर्य हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने की मांग

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

समाजसेवी आर्येन्द्र शर्मा के नेतृत्व में 10 -11 वर्षीय बालक अमित मौर्य के जघन्य हत्याकांड की सीबीआई जाँच कराये जाने हेतु सांसद अजय भट्ट से मिलकर एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की गई कि गौलापार निवासी 10-11 वर्षीय अमित मौर्य की 4 अगस्त 2025 को जघन्य हत्या की गई थी, हत्या बहुत ही क्रूरता से की गई थी, बालक का सर धड़ से अलग कर दिया था और दाहिना हाथ व दो उंगलियां भी पूर्ण रूप से काटकर अलग कर दी गई थीं व बालक के बाल भी कटे हुए थे जिससे प्रतीत होता है कि यह मात्र हत्या नहीं बल्कि तंत्र मंत्र के कारण की गई है, इस हत्या के पीछे नरबली देने की मंशा के साफ साफ संकेत मिल रहे हैं, पुलिस ने इस जघन्य हत्या के लिए गौलापार निवासी निखिल जोशी को अपराधी मानकर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया, परन्तु मृतक का परिवार पूर्णरूप से संतुष्ट नहीं है, परिवार का मानना है कि इस हत्या में अन्य लोग भी शामिल हैं जिन्हें अभी तक हिरासत में नहीं लिया गया है, तंत्र मंत्र करने वाले लोग भी शामिल हैं निखिल जोशी का परिवार भी शामिल हो सकता है, परिवार पुलिस की जाँच से बिलकुल भी संतुष्ट नहीं है, इस हत्याकांड की जाँच निष्पक्ष, पारदर्शी, और गहनता से की जाय, सांसद से अनुरोध किया गया कि इसकी जाँच शासन स्तर तक हमारी बात को ले जाते हुए सी.बी.आई. द्वारा इस जघन्य हत्याकांड की जाँच करवाई जाए, ज्ञापन देने वालों में आर्येन्द्र शर्मा, बालक के पिता खूबकरन मौर्य, चाचा नानक चंद्र मौर्य मौजूद थे।



## NEWS / फटाफट

### मोहित को एरीज में रजिस्ट्रार नियुक्त किया



**नैनीताल ।** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान एवं शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल में मोहित जोशी को रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति संस्थान की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष एवं इसरो के पूर्व चेयरमैन एएस किरन कुमार के अनुमोदन से हुई है। निवर्तमान रजिस्ट्रार रजनीश मिश्र ने उन्हें कार्यभार सौंप दिया है। बता दें कि मोहित जोशी वर्ष 2008 से एरीज की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं से जुड़े रहे हैं। इनमें देवस्थल में स्थापित देश की सबसे बड़ी 3.6 मीटर की दूरबीन परियोजना भी शामिल है। उनकी तकनीकी दक्षता और प्रशासनिक क्षमता को देखते हुए उन्हें रजिस्ट्रार पद के लिए चुना गया है। संस्थान में वे पबलिक आउटरीच, ज्ञान संसाधन केंद्र, आरटीआई तथा सिविल कार्यों और राजभाषा जैसी विभिन्न समितियों की जिमेदारी भी संभाल रहे हैं। एरीज का प्रतिनिधित्व वे कई प्रतिष्ठित मंचों पर कर चुके हैं। खास बात यह है कि वे कौन बनेगा करोड़पति की हॉट सीट पर अमिताभ बच्चन के समक्ष भी वह बैठ चुके हैं। वर्ष 2024 में उन्हें सप्तऋषि पुरस्कार श्रृंखला के तहत राष्ट्रीय स्तर पर आर्यभट्ट पुरस्कार से सममानित किया गया था। एरीज के निदेशक डॉ. मनीष नजा ने कहा कि यह संस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण नियुक्ति है। उन्होंने विश्वास जताया कि मोहित जोशी का अनुभव संस्थान को और ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक होगा।

### बीएड एवं एमएड प्रवेश परीक्षा की तिथि बढ़ाई

**नैनीताल ।** उत्तराखंड राज्य संयुक्त बीएड एवं एमएड प्रवेश परीक्षा सत्र 2025-27 हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि अब 8 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। कुविवि के कुल सचिव डा.मंगल सिंह मंद्रवाल ने बताया कि अभयर्थी संशोधित तिथि तक समार्थ पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभयर्थी कुमाऊँ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलबध दिशा निर्देश देख सकते हैं।

### श्री गणेश महोत्सव का विधि विधान के साथ शोभायात्रा



**हल्द्वानी ।** प्रचीन श्री शिव सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री गणेश महोत्सव का विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर शहर के विभिन्न मार्गों से होते शोभायात्रा निकाली गयी जोकि रानीबाग में गणपति जी प्रतिमा जोरदार उद्घोष के साथ विसर्जित की गयी। कार्यक्रम संयोजक हरि मोहन अरोड़ा अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता मीडिया प्रभारी हेमन्त साहू सहयोग के लिये शहर वासियों का अभार जताया। शिव कपूर हेमन्त साहू पदम् पाल दीपांशु शर्मा पूरन सागर अमित आशानि दिनेश अग्रवाल मुरली मुलानी सुशील गुप्ता पंकज गुंबर अशोक राम रूप गुप्ता धर्मेन्द्र साहू रोहन राजपूत समेत हजारों भक्त शामिल हुए।

### खटीमा मंसूरी गोलीकांड की बरसीं पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**नैनीताल ।** मंडल मुख्यालय नैनीताल में आज उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी क्रांतिकारी मोर्चा नगर इकाई द्वारा खटीमा मंसूरी गोली कांड की 31 वी बरसीं में आज शहीद प्रताप सिंह स्मारक जू रोड में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित करके राज्य प्राप्ति के लिए शहीद हुए राज्य आंदोलनकारियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई । पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उक्त श्रद्धांजलि कार्यक्रम हर वर्ष के भांति तल्ली ताल स्थित गांधीजी की प्रतिमा के समीप होना था, पर भारी वर्षा के कारण उक्त कार्यक्रम शहीद राज्य आंदोलनकारी प्रताप सिंह की प्रतिमा के सामने सम्पन्न किया गया। आज के इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में राज्य आंदोलनकारी कंचन चंदोला, शाकिर अली, पान सिंह सिजवाली, दिनेश उपाध्याय, मनमोहन चिलवाल, गिरीश चन्द्र जोशी, मनमोहन सिंह कनवाल, लीला बोरा, इंदर सिंह नेगी, मुकुल कांडपाल, गणेश बिष्ट, वीरेंद्र जोशी, पान सिंह रौतेला,, महेश जोशी, मुनीर आलम सिद्दीकी, लक्ष्मी नारायण लोहनी, हरेन्द्र बिष्ट, आदि दर्जनों राज्य आंदोलनकारी थे।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# समाजसेवी चमन लाल की स्मृति में ड्रेस वितरण कार्यक्रम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



सामाजिक व सांस्कृतिक सरोकारों से जुड़ी लेक सिटी वेलफेयर कलब की बैठक कलब की अध्यक्ष आभा शाह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तय किया गया कि 6 सितंबर (शनिवार) को समाजसेवी चमन लाल बजाज की स्मृति में कुंदन लाल साह ट्रस्ट नगर पालिका बालिका इंटर कालेज (एशडेल)में ड्रेस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

बैठक में कार्यक्रम की कामयाबी के लिए प्रेमा अधिकारी को संयोजक बनाया गया। अधिकारी में बताया की कार्यक्रम 6 सितंबर (शनिवार) को अपराह्न 10 बजे से शुरु होगा जिसमें स्कूल के 50 विद्यार्थियों को ड्रेस वितरित की जाएगी। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम के प्रायोजक भाजपा मंडल महामंत्री आशीष बजाज ने कहा कि उनके द्वारा हर वर्ष अपने स्वर्गीय पिताजी चमन लाल बजाज की स्मृति में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी यह कार्यक्रम पिछले वर्ष की तरह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की मुखय अतिथि विधायक सरिता आर्या होंगी। बैठक में कलब की सचिव कविता त्रिपाठी समेत रमा भट्ट, रमा तिवारी, हेमा भट्ट, जीवंती भट्ट, दीपिका बिनवाल, रानी शाह, गीता शाह, विनीता पांडे, अमिता शाह, मीनू बुदुलाकोटी, मंजू बिष्ट, सीमा सेठ व डा. प्रगति जैन आदि मौजूद रही। अंत में कलब की अध्यक्ष आभा साह ने सभी का आभार जताया।

# सैयद काशिफ बने एआईएमएफडी के संयोजक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



समाजसेवा और अल्पसंख्यक अधिकारों की लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाने वाले सैयद काशिफ़ जाफ़री को ऑल इंडिया माइनॉरिटी फोरम फॉर डेमोक्रेसी (AIMFD) का उत्तराखंड राज्य संयोजक नियुक्त किया गया है। संगठन के केंद्रीय नेतृत्व ने उनकी सामाजिक सक्रियता, प्रतिबद्धता और नेतृत्व क्षमताओं को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है।

संगठन के अध्यक्ष अम्मार रिज़्वी (पूर्व एक्टिंग चीफ मिनिस्टर उत्तर प्रदेश, डिप्टी स्पीकर यूपी विधानसभा, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश नेता प्रतिपक्ष, सदस्य उत्तर प्रदेश हज गुडविल डेलिगेशन-भारत सरकार) ने कहा सैयद काशिफ़ जाफ़री साहब लंबे समय से अल्पसंख्यकों की आवाज़ को लोकतांत्रिक मंचों तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। हमें विश्वास है कि उनके नेतृत्व में संगठन उत्तराखंड में और मजबूत होगा। पूर्व में पत्रकारिता से जुड़े जाफ़री वर्ष 2010 से उत्तराखंड उच्च न्यायालय नैनीताल में अधिवक्ता हैं। पत्रकारिता के दौरान उन्होंने समाज के वंचित वर्गों की आवाज़ को प्रमुखता से उठाया और अनेक सामाजिक मुद्दों पर निष्पक्ष रिपोर्टिंग कर जनजागरण का कार्य किया। अधिवक्ता के रूप में उन्होंने कई महत्वपूर्ण जनहित याचिकाओं पर कार्य किया है तथा अल्पसंख्यक, पिछड़े और वंचित वर्गों को न्याय दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाई है। जाफ़री का कार्य पत्रकारिता और विधि क्षेत्र में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है। नियुक्ति पर उन्होंने कहा यह मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी का क्षण है संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने, सामाजिक समरसता को मजबूत करने और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करूंगा। गौरतलब है कि ऑल इंडिया माइनॉरिटी फोरम फॉर डेमोक्रेसी एक राष्ट्रव्यापी संगठन है, जो लगभग 35 वर्षों से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# अभिमत

## रचनात्मकता का संकट

*विशेष रूप से भारत के इंजीनियर और डाक्टरों का दुनिया की महाशक्ति अमेरिका तथा यूरोप के कई देशों में सम्मान किया जाता है। इसके विपरीत भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) के शोध के अनुसार भारत में कार्यस्थल पर नकारात्मक व्यवहार से कर्मचारियों की रचनात्मकता खत्म हो रही है। आईटी कंपनियों में कर्मचारियों को अलग-थलग करना, अपमानित या अनुचित व्यवहार करना, डराना जैसे व्यवहार से कर्मचारियों पर दबाव बनाया जाता है, जिससे उनमें नये कार्यों के प्रति उदासीनता आती है।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बार-बार कहते हैं कि भारत युवा देश है। भारत में युवाओं की जनसंख्या अधिक है। परिवार, समाज और देश में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। भारत के युवाओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा पूरी दुनिया में मनवाया है। विशेष रूप से भारत के इंजीनियर और डाक्टरों का दुनिया की महाशक्ति अमेरिका तथा यूरोप के कई देशों में सम्मान किया जाता है। इसके विपरीत भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) के शोध के अनुसार भारत में कार्यस्थल पर नकारात्मक व्यवहार से कर्मचारियों की रचनात्मकता खत्म हो रही है। आईटी कंपनियों में कर्मचारियों को अलग-थलग करना, अपमानित या अनुचित व्यवहार करना, डराना जैसे व्यवहार से कर्मचारियों पर दबाव बनाया जाता है, जिससे उनमें नये कार्यों के प्रति उदासीनता आती है। यदि कार्यस्थल पर सौहार्द्रपूर्ण वातावारण हो, तो नवाचार को बढ़ावा मिलता है। शोधकर्ताओं का निष्कर्ष है कि प्रबंधकों और कर्मचारियों के बीच खुला संवाद होना जरुरी है। भारत की आईटी कंपनियों के कर्मचारियों ने वैश्विक महामारी के प्रकोप के दौरान वर्क फ्राम होम के माध्यम से संस्थानों की आर्थिक स्थिति को कायम रखा। वैश्विक मंदी के समय भारत पर असर नहीं हुआ, जबकि विश्व के कई देश प्रभावित हुए। भारत के प्रतिभाशाली युवा ऑनलाइन कारोबार में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। कोरोना महामारी के दौर से गुजरने के बाद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की चुनौती का सामना करने को भारत के युवा तैयार हैं। एआई से मंदी और बेरोजगारी का संकट आ सकता है। भारत के प्रतिभाशाली युवा एआई को भी अभिशाप की जगह वरदान साबित करने में सक्षम हैं, परन्तु उनको रचनात्मकता और नवाचार के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। कार्यस्थल पर प्रशिक्षण योजना लागू की जाये। कर्मचारियों को प्रशिक्षण की व्यावहारिकता और प्रासंगिकता बताई जाये। प्रबंधकों को चाहिए कि वह कर्मचारियों के साथ ऐसा व्यवहार करें कि वह अपनापन महसूस करें। कर्मचारियों में अधिक से अधिक कार्य के प्रति जागरुकता पैदा करें। दबाव बनाकर काम कराने से कर्मचारी वेतनभोगी बनकर रह जाता है। हताश कर्मचारी को श्रमिक संघ सदस्य बनाकर श्रम न्यायालय में गुहार लगाने के लिए बाध्य करते हैं। इस तरह कर्मचारी की प्रतिभा मुकदमा लड़ने में कुंठित हो जाती है।

# भारत-जापान संबंधों पर व्याख्यान का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल के इतिहास विभाग द्वारा शनिवार को जापान उसका ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य तथा भारत-जापान संबंधों के 1500 वर्ष विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याखयान हावर्ड एवं कैंब्रिज विश्वविद्यालय से जुड़े प्रख्यात विद्वान, लेखक एवं शोधकर्ता प्रो. पवन कमलेश ने प्रस्तुत किया।

अपने व्याख्यान में प्रो. पवन कमलेश ने बताया कि जापान चार हजार किलोमीटर लंबा द्वीप समूह है, जिसकी चौड़ाई अधिकतम 300 किलोमीटर है। जापान की राजधानी टोकियो विश्व का सबसे बड़ा नगर है जहाँ लगभग 3.5 करोड़ लोग निवास करते हैं फि र भी यह नगर अपनी स्वच्छता, सुरक्षा और सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। इतिहास पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि जापानी लोगों को यामातो कहा जाता है जिनमें कोरिया और जापान के मूल निवासियों का मिश्रण है। भारत को जापानी भाषा में तेनज्युकु कहा गया है जिसका अर्थ है देवों का देश जबकि जापान का प्राचीन नाम निहोन रहा है। जापानी सभयता पर भारतीय संस्कृति का गहरा प्रभाव देखा जा सकता है। जापानी काना लिपि में संस्कृत एवं देवनागरी की छाप है, यहाँ तक कि उनकी अंक पद्धति में भी भारतीय प्रभाव परिलक्षित होता है। सातवीं शताबदी में भारत के भिक्षु बोधिसेन रेशम मार्ग से जापान गए और वहाँ बौद्ध धर्म एवं भारतीय संस्कृति के गहरे बीज रोपे। जापान के अनेक मंदिर भारतीय स्थापत्य एवं विहार परंपरा से प्रभावित हैं।

प्रो. कमलेश ने आगे कहा कि जापानी समाज आधुनिक होते हुए भी अपनी परंपराओं से गहराई से जुड़ा हुआ है, वहाँ वृद्धजनों को विशेष सममान प्राप्त है। सन 1872 तक जापान में अधिकांश लोग शाकाहारी रहे और केवल सीमित लोग ही समुद्री भोजन का सेवन करते थे। उन्होंने यह भी बताया कि जापान में गाय को गहरी श्रद्धा प्राप्त है। जापानी संस्कृति में लक्ष्मी, गणेश व कूबेर और बुद्ध जैसे अनेक हिन्दू देवताओं का पूजन होता है। विवाह अथवा अन्य अवसरों पर धन को लिफाफे में देने की परंपरा है क्योंकि यह माना जाता है कि धन को सीधे हाथ में देना अनुचित है और यह व्यक्ति को भ्रष्ट कर सकता है।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारत और जापान के बीच धार्मिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक संबंध अत्यंत प्राचीन और गहरे रहे हैं और आज भी दोनों देशों के बीच संबंध निरंतर प्रगाढ़ होते जा रहे हैं।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. संजय घिल्डियाल ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि यह व्याखयान विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा इससे न केवल जापानी समाज और संस्कृति की गहरी समझ विकसित होगी बल्कि भारत.जापान संबंधों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि भी स्पष्ट होगी। इस अवसर पर प्रो. सवित्री कैड़ा जंतवाल, प्रो. संजय टमटा, प्रो. ज्योति जोशी, प्रो. आशीष मेहता, डॉ. रीतेश साह, डॉ. गगनदीप होती, डॉ अशोक कुमार, डॉ मनोज बाफि ला, डॉ. दीपिका पंत, डॉ. हृदेश शर्मा सहित विभाग के अनेक प्राध्यापक उपस्थित रहे जब कि इतिहास विभाग से डॉ. पूरन अधिकारी, डॉ. भुवन शर्मा, डॉ. हरदयाल सिंह जलाल, डॉ. वीरेंद्र, डॉ शिवराज सिंह कपकोटी तथा शोधार्थियों में अनन्या जोशी, आकांक्षा जोशी, नीरज बिष्ट, रोहित भाकुनी, ऋषभ रावल, किशोर जोशी, पूनम गोस्वामी, दीपक कुमार, माला, सपना महर, सीमा का इस कार्यक्रम के आयोजन में विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिवानी रावत ने किया।

## चेकिंग के दौरान चरस तस्कर को गिरफ्तार किया


**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना पुलिस न वाहन चेकिंग के दौरान एक स्कूटी सवार को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्कूटी सीज कर तस्कर को न्यायालय में पेश किया है। बीती देर रात काठगोदाम थाना प्रभारी विमल कुमार मिश्रा अपने दलबल के साथ थाने के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए वाहनों की चेकिंग कर रहे थे।

तभी नरीमन चौराहे की ओर से एक युवक स्कूटी पर समझ कर आ रहा था तभी पुलिस ने उसे रोक लिया और उसकी स्कूटी के कागजात दिखाने की बात करें स्कूटी सवार पुलिस की इस बात से सकपका गया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 204 ग्राम चरस बरामद हुई तस्कर ने अपना नाम प्रकाश चंद्र भट्ट, ग्राम बरेट मल्ला ओखलदूंगा काठगोदाम बताया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए, तस्कर को न्यायालय में पेश किया है।

# साइबर क्राइम: ठगों ने आर्मी का कैप्टन बनकर रोडवेज परिचालक से 22 हजार ठगे

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



साइबर ठगी के मामले आए दिन सामने आ रहे है साइबर ठग लोगों को ठगने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपना कर लोगों को ठगते नजर आ रहे हैं। साइबर ठगी का मामला प्रकाश में आया है ठगों ने आर्मी का कैप्टन बनकर गाड़ी बुकिंग के नाम पर रोडवेज परिचालक से 22 हजार की ठगी कर ली, फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

मामला यह है कि बीते शनिवार को एक व्यक्ति का हल्द्वानी रोडवेज डिपो के इंचार्ज के पास फोन आया और उसने खुद को आर्मी का कैप्टन जोरा सिंह बताते हुए 31 अगस्त की सुबह हल्द्वानी से देहरादून के लिए रोड़वेज बस बुकिंग कराने को कहाइस पर चालक व परिचालक से बस को सुबह छह बजे भेजना तय हुआ। बस के परिचालक सीएन विश्वास के अनुसार रविवार सुबह शहर के तय स्थान तिकोनिया पहुंचा तो जोरा सिंह बताने वाले व्यक्ति ने 50 जवानों के किराये की राशि करीब 52 हजार रुपए उसके खाते में ट्रांसफर करने को कहा, इस दौरान अपने आप को मेजर कहने वाला व्यक्ति ने परिचालक को झांसे में लेते हुए कहा कि आर्मी का नियम है कि जितनी धनराशि दी जाती है उतनी ही पहले मंगानी पड़ती है। इस पर परिचालक उसके झांसे में आ गया और उसने अपने खाते से 22 हजार ऑनलाइन उसके खाते में डाल दिया इसके बाद परिचालक को एहसास हुआ कि वह ठगी का शिकार हो गया। इस बीच ठग ने शेष राशि के लिए डिपो इंचार्ज को फोन लगाया डिपो इंचार्ज रुपये ट्रांसफर करने ही वाली थी कि परिचालक विश्वास ने डिपो इंचार्ज को फोन कर अपने साथ धोखाधड़ी होने की बाद कहीं जिसके बाद करीब 30 हजार बच गए।

परिचालक ने कोतवाली में अज्ञात ठग के खिलाफ धोखाधड़ी की तहरीर दी है इसके बाद पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है. पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर धोखाधड़ी करने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कोतवाल राजेश कुमार यादव कहना है कि धोखाधड़ी से बचने के लिए किसी भी अनजान व्यक्ति के झांसे में ना आए, किसी भी अनजान लिंक न खोलें और अपने मोबाइल का ओटीपी किसी को शेयर ना करें, ठगी होने की दशा में पुलिस को तुरंत सूचित करें।

## फिल्मी दुनिया

# शाहिद कपूर ने तृप्ति डिमरी के साथ किया सफर



*शाहिद के मुताबिक जब भी वह विशाल भारद्वाज के साथ काम करते हैं तो उन्हें लगता है कि वह एक नई दुनिया में प्रवेश कर रहे हैं। शाहिद कपूर ने अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। अभी इस फिल्म के टाइटल का एलान नहीं किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसका टाइटल %रोमियो% हो सकता है। शाहिद कपूर ने स्पेन में भी इस फिल्म की शूटिंग की है। इस दौरान उन्होंने तृप्ति डिमरी और अविनाश तिवारी के साथ सफर किया है। यह वीडियो वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर अविनाश तिवारी ने एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी और अविनाश तिवारी स्पेन की सड़कों पर स्पोर्ट्स कार से सफर कर रहे हैं। शाहिद और अविनाश स्पेन की सड़कों पर तेजी से कार चला रहे हैं। रोड किनारे के दृश्य बहुत बेहतरीन हैं। वहीं तृप्ति डिमरी अपने बाल सवांरते नजर आ रही हैं। हाल ही में शाहिद कपूर ने भी सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म की शूटिंग पूरी होने की जानकारी दी थी। उन्होंने पोस्ट में लिखा था कि फिल्म ने उन्हें एक अलग किरदार निभाने का मौका दिया। शाहिद के मुताबिक जब भी वह विशाल भारद्वाज के साथ काम करते हैं तो उन्हें लगता है कि वह एक नई दुनिया में प्रवेश कर रहे हैं।*

### फिल्म में होंगे ये कलाकार

*शाहिद ने अपनी अगली फिल्म के टाइटल का जिक्र तो नहीं किया था लेकिन उन्होंने यह जरूर बताया कि इस फिल्म में उनके साथ कौन-कौन से कलाकार होंगे। उन्होंने बताया कि उनके साथ फिल्म में तृप्ति डिमरी, दिशा पाटनी, अविनाश तिवारी, नाना पाटेकर और फरीदा जलाल नजर आएंगे। शाहिद कपूर की अपकमिंग फिल्म 5 दिसंबर 2025 को रिलीज हो सकती है। शाहिद और विशाल भारद्वाज ने इससे पहले कमीने, हैदर और रंगून में साथ में काम किया था। शाहिद कपूर को आखिरी बार फिल्म देवा में पूजा हेगड़े के साथ देखा गया था।*

# थराली आपदा प्रभावितों को दी राहत सामग्री वितरित की

**रामनगर**

**हमारे संवाददाता**

पहाड़ की आपदा ने लोगों की जिंदगी अस्त-व्यस्त कर दी लेकिन इस मुश्किल घड़ी में कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत एक बार फिर संकटमोचक बनकर सामने आए। थराली से मदद की पुकार मिलते ही उन्होंने देर रात ही कांग्रेस कार्यालय को राहत गोदाम में बदल दिया।

कार्यकर्ताओं संग मिलकर खाने पीने का सामान बोरे में पैक कराया और रातोंरात चमोली रवाना हो गए। रविवार को थराली नगर पंचायत पहुंचकर उन्होंने प्रयास सेवा संस्था के साथ मिलकर प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री वितरित की। गांव गांव जाकर उन्होंने न केवल लोगों की समस्याएं सुनीं बल्कि भरोसा भी दिलाया कि इस कठिन घड़ी में वे हर हाल में साथ खड़े रहेंगे। रणजीत रावत ने कहा आज राजनीति से बड़ा इंसानियत का फर्ज है। जब तक हालात सामान्य नहीं होते हमारी मदद की गाड़ी रुकने वाली नहीं। थराली क्षेत्र में अब भी कई गांव आपदा के जख्म झेल रहे हैं। ऐसे में राहत लेकर पहुंचे रणजीत सिंह रावत ने लोगों के चेहरे पर उम्मीद की एक किरण जगाई है।



## News कॉर्नर

### कोतवाल को किया ड्यूटी में लापरवाही बरतने निलंबित

**हल्द्वानी।** अनुशासन और कार्य के प्रति लापरवाही को लेकर नैनीताल जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा इन दिनों कड़ा कदम उठा रहे हैं इसी के तहत नंदा देवी मेले में लगाई गई ड्यूटी में नहीं पहुंचने पर एसएसपी पीएन मीणा ने कोतवाल रजत कसाना को निलंबित कर दिया है। एसएसपी ने बीते शुक्रवार को ही एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल की एसआइ मंजू ज्याला समेत छह सिपाहियों को लाइन हाजिर किया था। ठीक एक दिन बाद शनिवार को उन्होंने फिर एक्शन लिया। एसएसपी ने बताया कि कसाना सीसीटीएनएस व समन सेल के प्रभारी थे। नंदा देवी महोत्सव में उनकी ड्यूटी मल्लीताल थाने में लगाई गई थी। रूटीन ड्यूटी चेक की गई तो कसाना को ड्यूटी से गायब पाया गया। कहा कि पुलिस मेले नंदा देवी में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जोरों से लगी है। वहीं दूसरी ओर ड्यूटी में तैनात किए गए पुलिस कोतवाल के लापरवाही बरतने पर यह कार्रवाई की गई है। वह हाल ही में दरोगा से पदोन्नत होकर कोतवाल बने हैं।

### रामनगर-काशीपुर मार्ग पर हादसा, युवक की मौत

**रामनगर।** काशीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चिल्किया के पास हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक सवार युवक तेज रफ्तार में सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने उसे सरकारी अस्पताल पहुँचाया लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान कॉर्बेट कॉलोनी निवासी लईक अहमद पुत्र रईस अहमद के रूप में हुई है। हादसे की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

# जिला डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन कार्यकारिणी की बैठक, कई मुद्दों पर मंथन

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन जनपद शाखा की एक आम बैठक जिलाध्यक्ष बीएन बेलवाल की अध्यक्षता व केसी विश्वकर्मा के संचालन में जिला चिकित्सालय के सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में निर्धारित एजेंडा पर विस्तार से चर्चा हुई। सभी सदस्यों की सहमति से जनपदीय अधिवेशन व नयी कार्यकारिणी के लिए आगामी 21 सितम्बर दिन रविवार निर्धारित किया गया। बैठक में प्रांत द्वारा संविधान संशोधन हेतु जो भी सुझाव दिये गये। उस पर भी जनपद के सदस्यों ने अपनी राय व्यक्त की। बैठक में जिला फार्मेसी अधिकारी आरएस



अधिकारी ने सभी फार्मेसी अधिकारियों से एक जुट होकर संघ को मजबूत बनाने का आहवान किया। प्रदेश व जनपदीय सलाहकार डीके जोशी ने भी विस्तार से अपनी बात सदन में रखी। बैठक में अधिकतर वक्ताओं ने फार्मेसी अधिकारियों की एसीआर समय से पूर्ण करने, जीपीएफ व सर्विस बुक आदि का रख रखाव, सही रखने, 10-16-26 वर्क पर एसीपी का लाभ दिए जाने वर्ष 2009 में नियुक्त सर्वग के अधिकारियों का 5400 रुपए ग्रेड पे का लाभ दिए जाने, सेवानिवृत होने वाले या हो चुके सदस्यों के देयकों का समय से भुगतान किए जाने, समय से डीपीसी किए जाने, फार्मेसी काउंसिल का गठन किए जाने आदि कई मांगे उठी। मंडलीय सचिव प्रेम शंकर सिंह ने संघ के सदस्यों से एकजुट रहकर समस्याओं के प्रति जागरुक रहने का आहवान किया। सभा में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप रावत, प्रान्तीय उपाध्यक्ष पीएस राणा, मुख्य फार्मेसी अधिकारी विनोद भट्ट, हरीश सती,एपी आर्य,जेपी उप्रेती, एनपी आर्य,पूर्व अध्यक्ष, डा- जेके पंत, प्रवक्ता हरिप्रसाद, संगठन मंत्री, केएन गोस्वामी, आरडी कांडपाल, नसीम अख्तर, दलजीत गौराया, मुख्य फार्मेसी अधिकारी एसबी पाठक आदि ने भी विचार रखे। बैठक में संयुक्त मंत्री सुरेश वर्मा, उपाध्यक्ष चम्पा गोस्वामी, संदीप जोशी, ममता भटनागर, पूजा पंवार, राजीव वर्मा, जगदीप राणा, दिनेश टम्टा, एसपीएस रावत, योगेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

# मादक पदार्थों की तस्करी और सट्टा-जुआ पर रोक लगाने को पुलिस हुई सख्त

हल्द्वानी/नैनीताल
हमारे संवाददाता

**कार्रवाई**
- दो अलग-अलग मामलों में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया

मादक पदार्थों की तस्करी और सट्टा-जुआ पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने कड़ा कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशानुसार चलाए जा रहे 'ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025' अभियान के तहत नैनीताल पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

एसओजी एवं हल्द्वानी पुलिस ने पंचायत घर के पास वाहन से रविंद्र आर्य उर्फ रवि (प्रेमपुर लोसज्ञानी, हल्द्वानी) को 944 ग्राम अवैध चरस के साथ पकड़ा। बरामद चरस की कीमत लगभग 1,88,000 रुपये आंकी गई है। अभियुक्त के खिलाफ एन डी पी एस अधिनियम के तहत कोतवाली हल्द्वानी में मुकदमा दर्ज किया गया है।

वहीं, बेतालघाट पुलिस ने बेतालघाट-भुजान मार्ग पर रातौड़ा



पुल के समीप दीपक उर्फ दीपक दिवाकर (19 वर्ष, गुल्लर घट्टी, रामनगर) को 4.880 किलो अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया। उसके साथ प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी सीज कर ली गई है। मामला थाना बेतालघाट में एनडीपी एस अधिनियम के तहत दर्ज किया गया है। इसी के साथ, पुलिस अधीक्षक नगर हल्द्वानी के निर्देशन में बनभूलपुरा थाना पुलिस ने बुध बाजार बनभूलपुरा से असगर अली (52 वर्ष) को जुआ-सट्टा पर्ची, गत्ता, पेन और ?2230 नगदी के साथ गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध मादक पदार्थों व सट्टा-जुआ की रोकथाम के लिए सख्त निगरानी रखी जा रही है।

**एसओजी टीम-** निरीक्षक हरपाल सिंह, उप निरीक्षक फिरोज, उप निरीक्षक मनोज कुमार, कांस्टेबल अरुण राठौर, कांस्टेबल संतोष बिष्ट, कांस्टेबल भूपेंद्र ज्येष्ठा, कांस्टेबल नीरज

**बेतालघाट टीम**-थानाध्यक्ष विजय नेगी, उप निरीक्षक हरि राम, कांस्टेबल दीपक सिंह रावत, कांस्टेबल दीपक सिंह सामंत

**बनभूलपुरा टीम-** कांस्टेबल सुनील कुमार, कांस्टेबल मेहबूब अली, कांस्टेबल दिलशाद अहमद रहे।

# भाविप द्वारा राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी द्वारा राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन सेंट लॉरेंस स्कूल, देवलचौड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि मेयर गजराज सिंह बिष्ट, विशिष्ट अतिथि एवं प्रांतीय पर्यवेक्षक कमल किशोर सिंघल, क्षेत्रीय वित्त सचिव आरके गुप्ता क्षेत्रीय सचिव महिला सहभागिता पाला मेहता, प्रांतीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, प्रांतीय संयोजक रक्तदान भवानी शंकर नीरज, प्रांतीय संयोजक संस्कार उपमा सेठी, प्रांतीय संयोजक चिकित्सा अतुल राजपाल द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। शाखा अध्यक्ष दीपक बख्शी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं बताया कि समस्त टीमों द्वारा हिंदी और संस्कृत में दो राउंड में गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। हल्द्वानी नगर के विभिन्न विद्यालयों की 20 टीमों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल के डॉ शर्मिष्ठा बिष्ट, डॉ गुंजन जोशी और हेमंत जोशी द्वारा टीमों को विभिन्न बिंदुओं पर प्राप्त अंको के हिसाब से विजेताओं की घोषणा की। प्रथम स्थान पर केवीएम पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान पर बीएलएम अकैडमीऔर तृतीय स्थान पर गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल रहा। संचालन डॉक्टर निधि गुप्ता एवं शिखा अग्रवाल द्वारा किया गया। यहां मुख्य रूप से सिटी कोऑर्डिनेटर जितेंद्र साहनी, अमित अग्रवाल, एकता अग्रवाल, डॉ अभिषेक मित्तल, हेमा बिष्ट, विनीत शर्मा, गिरीश केसरवानी, मीनू गुप्ता, गीतू केसरवानी, पूनम साहनी, पंकज अग्रवाल, गुंजन राजपाल सुमन जैन, साधना जैन, बबीता केसरवानी, रीता सहनी, नरेंद्र साहनी, सौरभ अग्रवाल, नवीन सिंघल, सीमा बक्शी, अमित राजपाल रहे।



# नई राह, कैंसर और ऑर्थोपेडिक सर्जरी में प्रगति पर दिया जोर

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

देश के महानगरों से बाहर भी उन्नत चिकित्सा तकनीकों और जानकारी पहुंचाने की पहल के तहत दिल्ली से हल्द्वानी पहुंचे स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सर्जिकल ऑन्कोलॉजी और ऑर्थोपेडिक्स में परिवर्तनकारी प्रगति पर चर्चा की।

अपोलो की यह पहल इसलिए है ताकि क्षेत्रीय स्तर पर डॉक्टर और मरीज दोनों चिकित्सा की नई जानकारियों से लाभान्वित हो सकें। हल्द्वानी में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपोलो हॉस्पिटल्स के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के क्लिनिकल लीड और वरिष्ठ सलाहकार डॉ. (प्रो.) एस.वी.एस. देव ने ऑन्कोलॉजी यानी कैंसर सर्जरी में नवीनतम नवाचारों पर चर्चा करते हुए बताया कि कैसे उन्नत सर्जिकल प्रोटोकॉल रोगी के जीवित रहने और दीर्घकालिक परिणामों में सुधार कर रहे हैं। इनके अलावा, घुटने और कूल्हे के आर्थ्रोप्लास्टी एवं रोबोटिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार एवं हड्डीरोग विशेषज्ञ डॉ. यतिंदर खरबंदा ने ऑर्थोपेडिक देखभाल को बदलने में रोबोट-सहायता प्राप्त तकनीकों और आर्थ्रोस्कोपी की भूमिका पर चर्चा की, जिससे रोगियों के लिए तेजी से



रिकवरी और बेहतर गतिशीलता संभव हो सके। घुटने और कूल्हे के आर्थ्रोप्लास्टी एवं रोबोटिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार एवं हड्डीरोग विशेषज्ञ डॉ. यतिंदर खरबंदा ने कहा, बेहतर स्वास्थ्य सेवा को सुलभ बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप, रोबोटिक सहायता प्राप्त सर्जरी हर प्रक्रिया में सटीकता, सुरक्षा और दक्षता लाकर ऑर्थोपेडिक देखभाल में बदलाव ला रही है। रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट इष्टतम इम्प्लांट सरेखण और स्थायित्व सुनिश्चित करता है जबकि न्यूनतम इनवेसिव आर्थ्रोस्कोपिक तकनीकें तेज रिकवरी, कम दर्द और बेहतर कार्यात्मक परिणाम प्रदान करती हैं। ये नवाचार केवल तकनीक के बारे में नहीं बल्कि रोगियों की गतिशीलता, स्वतंत्रता और जीवन की गुणवत्ता को पहले से कहीं अधिक तेजी से बहाल करने के बारे में हैं।

इंद्रप्रस्थ अपोलो में हमें इस तरह की विश्व स्तरीय ऑर्थोपेडिक प्रगति को महानगरों से परे समुदायों के करीब लाने पर गर्व है।

### महिला ने पुत्री की सकुशल बरामदगी गुहार लगाई

**हल्द्वानी।** एक महिला ने अपनी पुत्री की सकुशल बरामदगी गुहार लगाते हुए बनभूलपुरा थाना पुलिस को तहरीर सौंपी है। सौंपी तहरीर में महिला ने कहा है कि उसकी पुत्री जो कि 15 वर्ष की है और वह घर से अपने छोटे भाई को स्कूल से लाने की बात कह कर निकली थी लेकिन वह घर नहीं पहुंची जब परिजनों को उसकी चिंता सताने लगी तो उन्होंने आसपास हुआ रिश्तेदारों के वहां उसके बारे में जानकारी जुटा लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं चल पाया जिससे परियों को उसकी चिंता सताने लगी महिला ने पुलिस को तहरीर सौंप कर उसकी सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# गणेश महोत्सव में धार्मिक अनुष्ठान के साथ पूर्णाहुति दी

नैनीताल
हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल विकासखंड के ज्योलीकोट में गणेश महोत्सव कमेटी द्वारा आयोजित पांच दिवसीय गणेश महोत्सव के चतुर्थ दिवस मुखय यजमान गोपाल जोशी, गीता जोशी, जगदीश पाठक व बीना पाठक, आचार्य देवेश जोशी, कार्तिक भट्ट द्वारा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के साथ पूर्णाहुति दी गई।

भंडारे और प्रसाद वितरण में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इलाके के अनेक विद्यालयों के छात्र छात्राओं व मेहमान कलाकार दलों, प्रसिद्ध कुमाऊंनी गायक अल्मोड़ा के पूरन दा पहाड़ी ने अपने कार्यक्रमों को दर्शकों को बांधे रखा।

इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट, सदस्य जिशांत कुमार समेत अनेक ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। बता दें रविवार (आज) शोभा यात्रा के बाद चित्रशीला घाट में विसर्जन किया जाएगा।



# विधायक अरोरा ने कार्यकताओं के साथ सुनीं पीएम मोदी के मन बात

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

विधायक शिव अरोरा ने संत कबीर मंडल के बूथ संख्या 143 पर पार्टी कार्यकर्ताओ के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 125 वे मन की बात संस्मरण को सुना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस बार की मन की बात का मुख्य आधार देश के अलग अलग राज्यों मे आई आपदा से लोगो को हुऐ भारी नुकसान व जन हानि पर चर्चा की, उन्होंने कहा देश मे इस बार की अत्यधिक वर्षा से काफ़ी नुकसान हुआ। घरों के घर बह गये, सरकार हर अंतिम छोर तक राहत बचाव हेतु कार्य कर रही है सेना के जवान दिन रात आम लोगो की बीच मे मदद पंहुचाने का कार्य कर रहे है,



प्रधानमंत्री मोदी ने इस आपदा के समय धर्य से काम लेने की अपील की। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सदैव नई ऊर्जा देने, जनसेवा हेतू प्रेरणा देने का कार्य करता है, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन बात कार्यक्रम को भाजपा कार्यकर्ताओं संग सुना। विधायक ने कहा प्रधानमंत्री ने मन की बात मे उत्तराखंड पर्वतीय क्षेत्र मे आई बादल फटने व सैलाब के कारण आयी आपदा का जिक्र किया तो वही किसान की आय किस प्रकार बढ़े और देश के अनदाता की आय दो गुनी हो इस दिशा में सरकार के कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये ओर जिसका लाभ किसानो को मिल रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व मे मेक इन इंडिया की मुहीम के अन्तर्गत बहुत बड़े स्तर पर भारत मे उत्पादन बढ़ा है जिसको अंतराष्ट्रीय स्तर पर दुनिया ने देखा भी है निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है।इस दौरान मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, जीतेन्द्र संधू, एसपी यादव,सुधीर चौधरी, देव मेनन, अशोक विश्वास, सचिन छाबड़ा, ममता त्रिपाठी, उमेश चौहान, पिंकी चतुर्वेदी,जीतेन्द्र समेत अन्य लोग मौजूद रहे।